DR. T. SUBBARAMI REDDY: Regarding money, whenever any Government is productive, is creative, the Central Government will always support. For a temporary name and image, you buy a product for Rs. 5 and give it at Rupee one. That will not solve the problem in the long run. You must spend on productivity. Irrigation projects are rupees invested either by Central Government or by the public bonds or by institutions or by banks or by international institutions. It is going to help the nation, the State and every human being. Therefore, it is a good example. Every State must follow this. Most of the States must follow Andhra Pradesh's example without criticising. This is not hypocrisy. How can they get money? Money will come. India is still rich. There are so many potentialities. We are growing like anything. Today the prosperity is unimaginable in India. We can get it. Therefore, let us not be pessimistic. Let us be optimistic. How will money come? This is not the question. Now, Sir, drought problem will be solved if the projects are constructed so that even if drought is there, the project's water through canals will irrigate. This is very simple solution. Therefore, you must construct projects not only in Andhra Pradesh but also all over India. How? One is through the Centre and the second is through the State. Let the other States admire the States who have got the challenge, courage and determination to come forward to build it. Take for example, Andhra Pradesh. The States also must come. So a day must be seen in India where a number of States must come forward and build projects like Andhra Pradesh and follow the example of Andhra Pradesh without criticising and see that water is not wasted, If water is not wasted, drought, can also be avoided. Thirdly, let us not criticise like children. We are the valuable citizens of the country.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: We will be happy if he settles the issue. We are quarrelling like children. As an elderly man he can settle the issue.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): May I suggest how all of you can resolve the issue? All of you resolve not to brief any lawyers.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, children mean not merely children. This is an idiomatic language, not dramatic language. I am using the word 'children' in a different concept. Finally, I am concluding. Mr. Chidambaram is there. He must concentrate on the drinking water system in a very gradual way, in a phased manner. Drought and floods is interlinked with Finance Ministry. Whenever droughts and floods come his Budget is affected. His cash flow is affected. It is interlinked. Therefore, we must see that every State starts and in a few years you will find the real prosperity and progress of the nation. Thank you.

श्री विक्रम वर्मा (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, देश के अनेक हिस्सों में अतिवृष्टि के कारण कुछ स्थानों पर बाढ़ की स्थिति पैदा हुई हैं और कुछ स्थानों पर सूखे की स्थिति भी हैं। मैं यहां बाढ़ से संबंधित मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों के बारे में अपनी बात रखने के लिए उपस्थित हूं । जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिस प्रकार से एकदम बाढ़ का प्रकोप आया, एक दम अतिवृष्टि हुई, बारिश बहुत हुई , प्रायः शुरुआत में इतनी बाढ़ कभी नहीं आती हैं लेकिन अप्रत्याशित रुप से जिस प्रकार से हैंवी रेन्स हुए, उसके कारण मध्य प्रदेश के नौ जिलों में जुलाई के प्रथम सप्ताह में भयंकर रूप बाढ आयी और अभी कल ही मध्य प्रदेश के छिंदवाडा जिले में दो दिन से निरंतर बारिश के कारण बाढ की स्थिति निर्मित हुई हैं। इस प्रकार सागर- दमोह-पन्ना-सतना सहित अभी तक कुल दस जिले पूरी तरह से बाढ़ से अफैक्टिड हो चुके हैं, 1,355 गांव इससे प्रभावित हुए हैं, 6 शहर प्रभावित हुए हैं और 12 लाख परिवार एक प्रकार से इस बाढ़ के कारण पूरी तरह से प्रभावित हुए हैं। 64 व्यक्तियों की मृत्यु नौ ज़िलों में हुई थी, छिन्दवाड़ा ज़िले में उमरिया नाले में बहने के कारण कल तीन और कैज़ुअल्टीज़ हुई हैं। इस प्रकार लगभग 67 लोगों की इसमें मृत्यु हो चुकी हैं और 42 हज़ार जानवर इसमें मारे गए हैं। यह जो जितने ट्रेस हो पाए थे, वे हैं , लेकिन इसके अलावा जो बाढ़ में बह गए, उनकी संख्या का कोई अनुमान नहीं हैं। इस प्रकार यदि देखा जाए तो बाढ़ के कारण 60,000 मकान तो पूरी तरह से नष्ट हुए हैं और लगभग सवा लाख मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कुल मिलाकर करीब डेढ-पौने दो लाख मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। यदि इस सबको देखें, तो आप स्वयं अंदाज लगा सकते हैं कि मध्य प्रदेश में बाढ़ के कारण कितनी व्यापक रुप से क्षति हुई हैं, जन –हानि हुई हैं, धन-हानि हुई हैं, इसके अलावा पशुओं की भी हानि हुई हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में जैसे ही बाढ़ आई थी, उस समय जो तत्काल प्रारंभिक सर्वे किया गया था, उस समय इसकी क्षति का अनुमान लगभग पांच सौ करोड़ रुपए था। यह आकलन तो इन सारे मकानों के लिए, व्यक्तियों पशुओं आदि की क्षति के आधार पर था। लेकिन जो पुल बगैरह बह गए, जो सड़के नष्ट हो गई, सिंचाई के बांध टूट गए, जो नहरें पूरी तरह से टूट गई, पेयजल की आपूर्ति के साधन नष्ट हो

गए, कुंए टूट गए, ट्यूबवैल्स खत्म हो गए, गांवो और शहरों में लगे हुए बिजली के खम्भे पूरी तरह से उखड़ गए, नष्ट हो गए, कहीं शाला भवन नष्ट हो गए- यदि इन सबका हम अंदाज लगाएं, किसानों का बीज, जो उन्होंने बोया था, वह पूरी तरह नष्ट हो गया, घरों में जो बीज रखा हुआ था, जिसकी बुवाई वे नहीं कर पाए थे, जो खाद और बीज घरों में रखा हुआ था, पानी भर जाने से उसकी क्षति हो गई हैं। इन सबको यदि हम देखते हैं तो उससे सीधा-सीधा हमको लगता हैं कि लगभग 1,000 करोड़ से अधिक की क्षति मध्य प्रदेश के नौ- दस जिलों में हो चुकी हैं। 500 करोड़ के लगभग का तो आकलन भी हुआ हैं और यदि हम हरेक चीज का हिसाब लगाते हैं, तो आज इतनी बडी क्षति मध्य प्रदेश में इस बाढ़ के कारण हुई हैं ।

महोदय, दूसरी सबसे बडी बात यह हैं,हम देख रहे हैं कि लगभग 1,355 गांवों की सीमा में आने वाले यदि सर्वे और जमीन का हिसाब लगाएं , तो सैकड़ों हैंक्टेयर ज़मीन होती हैं, यह सीधा-सीधा आकलन किया जा सकता हैं। यदि इस सबको हम देखते हैं तो जहां बुवाई हो गई थी, वह खेती नष्ट हो गई । अब बाकी के स्थानों पर आज ऐसी स्थिति बन गई हैं कि किसानों के पास खाद, बीज नहीं हैं। बुवाई करने का समय निकल चुका हैं, वे बुवाई नहीं कर सकते हैं और एक प्रकार से, इतने गावों मे किसान खरीफ की फसल नहीं ले पांएगे। यदि वे खरीफ की फसल नहीं लेते हैं, तो इस बार खेत खाली पड़े रहेंगे, जब तक रबी के लिए कोई साधन न जुटा पाएं या उस समय रेन्स न हों, या जिनके पास इरिगेशन का साधन होगा, वे ही कुछ कर पाएंगे, लेकिन तालाब के टूटने से इरिगेशन भी संभव नहीं हैं। कुल मिलाकर एक भयावह दृश्य हमारे सामने उपस्थित होता हैं। इस सबके बारे में यदि हम , जो हमारी प्रक्रियाएं और नियम हैं, उन्हें देखे, तो जो क्षति हुई हैं, उसके अनुसार मुआवजा होता हैं, लेकिन आज तक न केन्द्र सरकार ने इस प्रकार की कोई नियमावली बनाई हैं, न राज्य सरकारों के नियमों में, उनके जो आर.बी.सी. के रूल्स हैं, उसके अंतर्गत भी इस प्रकार जो खेत खाली रह जाते हैं, किन्ही कारणों से, चाहे बाढ़ के कारण से या अन्य कारणों से, उससे होने वाली क्षति का कोई आकलन ही नहीं करता हैं, इसलिए उनको कोई सहायता ही नहीं मिल पाती हैं, लेकिन इस सबको देखने से पता चलता हैं कि मध्य प्रदेश में 1,000 करोड़ से अधिक की क्षति हुई हैं। यह मैं केवल इसके आकलन के आधार पर ही नहीं कह रहा हूं, मध्य प्रदेश की सरकार ने बाकायदा यहां केंद्र सरकार को रिमाइंडर्स भेजे हैं, एक के बाद एक प्रतिवेदन भेजे हैं और उसमें उन्होंने हरेक चीज़ का आकलन दिया हैं कि पहले के 64 और कल के 3, जो इसमें मरे हैं, जो इसमें काल-कवलित हुए हैं, यदि उनको पचास हज़ार रुपया भी देते हैं, तो लगभग चालीस- पचास लाख रुपया तो इसी का होता हैं । इसी प्रकार से जो करीब 42,000 कैटल्स मरे हैं, तीन हजार रुपए प्रति कैटल के हिसाब से भी यदि क्षतिपूर्ति देते हैं, तो उसका कितना होगा? इसी प्रकार से जो मकान गिरे हैं, पूरी तरह से जो डैमेज हो गए हैं, उन मकानों को फिर से बनाने के लिए यदि दस हजार रुपया प्रति मकान के हिसाब से भी लगाएं, तो उसके लिए लगभग साठ करोड़ रुपए के आसपास की लागत आती हैं। इस प्रकार से जो मकान थोड़े से डैमेज हुए हैं, यदि उनको हम तीन हजार रुपए क्षतिपूर्ति के आधार पर दें, जिससे वे उनको अपने रहने के लिए फिर से ठीक-ठाक कर पाएं, तो उसके लिए लगभग अन्य तीस करोड़ रुपए की आवश्यकता पड़ती हैं। कैश रिलीफ फंड भी देना हैं उसके बाद दवाओं के लिए हैं, फिर उनके लिए अनाज सप्लाई करने का काम हैं और फिर बाकी की सारी चीजों के लिए हैं। कुल मिलाकर मध्य प्रदेश की सरकार ने 628 करोड़ रुपए का आकलन दिया हैं कि हम किस-किस चीज में सहायता देंगे। इसके लिए उसका कहना हैं कि क्षतिपूर्ति पैसे के माध्यम से या अन्य साधनों से कर रही हैं। इसका पूरा फैक्चुअल और

पूरा एसेसमेंट करके मध्य प्रदेश की सरकार ने दिया था। इसके अलावा जो बाकी की क्षति हुई हैं, उसके बारे में भी और आकलन करके बाकी की रिपोर्ट भेजी जा रही हैं। 12 वें वित्त आयोग में नेच्युरल कैलामिटीज फंड के लिए 225 करोड़ रुपए का प्रोविजन हैं कि मध्य प्रदेश को कंरंट ईयर में 225 करोड़ रुपया दिया जाना हैं। माननीय सभापति जी, मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा हैं कि अभी तक केवल 95 करोड़ रुपए की पहली किश्त रिलीज हुई हैं। जबकि मध्य प्रदेश की सरकार अपने पास से लगभग 100 करोड़ रुपए के आस-पास, इन सारी चीजों के जुटाने में और अन्य व्यवस्थाओं में, अपने पास से खर्च कर चुकी थी। अभी तक केवल 95 करोड़ रुपया ही रिलीज हुआ हैं। यहां पर माननीय वित्त मंत्री जी हैं, यदि इसकी दूसरी किश्त भी तत्काल दी जाए तो वहां पर रिलीफ दिया जा सकता हैं। लेकिन , मैं सोचता हूं कि यदि हम केवल इतने पर ही रुक जाएंगे कि 225 करोड़ रुपया आए तो , मैंने सारा आकलन आपके सामने रखा हैं, एक –एक चीज का आकलन हैं, उसके आधार पर केवल यदि यही कि हम 254 करोड़ रुपया नेच्युरल कैलामिटीज के लिए देने वाले हैं, आप इससे मीट आउट करें तो मैं सोचता हूं कि यह मध्य प्रदेश के साथ अन्याय होगा। मैं आज ही समाचारपत्रों में पढ़ रहा था कि हिमाचल प्रदेश के अंदर विशेष पैकेज के अंतर्गत 100 रुपया दिया है। मैं इसका समर्थन करता हूँ। मुझे कोई आपत्ति नहीं हैं, लेकिन अन्य स्टेटों के साथ भी इस प्रकर उदार दिल से, आवश्यकता के हिसाब से , उनकी जरुरत के हिसाब से देने के बारें में भी विचार करना चाहिए। अब जो वहां स्थिति बनी हुई हैं .....(व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S, NARIMAN): Will you please finish in two minutes?

श्री विक्रम वर्मा: ओ.के. महोदय, जो वहां पर स्थिति बनी हुई हैं, बाढ़ प्रभावित जिलों में 13 लाख परिवार तो BPL के हैं। यह आलरेडी सर्वे किया हुआ हैं कि 13 लाख BPL के रहने वाले परिवार हैं। आज इन परिवारों के पास अनाज नहीं हैं, बाढ़ के कारण उनके पास करने को मजदूरी नहीं हैं। किसान का खेत समाप्त हो जाने से जो एग्रिक्लचरल लेबर हैं, वह भी बैठा हुआ हैं, क्योंकि खेतों में बुवाई नहीं हुई हैं, खेतों में काम नहीं हैं। ये जो 13 लाख BPL परिवार हैं, इनके लिए तो जीवन यापन करना बड़ा मुश्किल होता जा रहा हैं। रहने के लिए उनके पास छत तक तो हैं नहीं, इसलिए इन सब को अनाज देकर मदद करनी पड़ रही हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी तरफ से प्रयास किए हैं। जो इस प्रकार के व्यक्ति हैं, उनको मध्य प्रदेश की सरकार ने अपनी तरफ से 30 किलो अनाज तत्काल दिया हैं। यह भी निर्णय किया हैं कि सरकार इन परिवारों को तीन महीने तक खाद्यान्न अपनी तरफ से देगी। लेकिन सरकार की अपनी सीमाएं हैं, इतने लाख परिवारों को वह कितने दिन तक अपने पास से दे सकती हैं? इसलिए केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध हैं कि वह अधिक से अधिक खाद्यान्न का अतिरिक्त कोटा दे। इस तरह से 13 लाख तो सीधे-सीधे ये परिवार हैं और जो APL इनके ऊपर वाले हैं, उन किसानों के पास भी कुछ नहीं बचा हैं, उनके लिए भी आवश्यकता पड़ेगी, इसलिए तत्काल अतिरिक्त खाद्यान्न देने की आवश्यकता हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने यद्यपि तत्काल यह कोशिश की और माननीय मुख्य मंत्री जी गए, माननीय मंत्री जी गए, अधिकारीगण गए और उन्होंने वहां जाकर राज्य सरकार की तरफ से यथासंभव प्रयास किया हैं। उन्होंने परिवारों के लिए अस्थाई रूप से छत बनाने का निर्णय भी किया हैं। उनके लिए पॉलिथीन, बांस, बल्ली और लकडियां बांटने का काम प्रारंभ किया हैं। उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की हैं। वहां पर कैम्पस भी

लगाए हैं। जो 42 हजार मरे हुए पशु गांव और खेतों में पड़े थे, यदि उनको तत्काल नहीं दफनाया जाता तो आप स्वयं कल्पना कर सकते हैं कि इससे एक महामारी फैल सकती थी। महोदय, सबसे बडी प्रोब्लम यह आ रही हैं कि इस बाढ़ के कारण कुंए धंस गए, ट्यूबवैल्स खत्म हो गए, जिसके कारण वहां पर पीने के पानी की दिक्कत आ रही हैं। तत्काल पेय जल की व्यवस्था करवाने के लिए नए सिरे से टयूबवैल की व्यवस्था करवाएं, जो कुछ जगह पर पाइप लाइन्स टूट गई हैं, उनको ठीक करवाना हैं तो उसके लिए लगभग 40-50 करोड़ रुपए का एसेंसमेंट इमिडिट मध्य प्रदेश सरकार ने किया हैं। इसके लिए इतना पैसा लगेगा नहीं तो कल लोगों को शुद्ध पेय जल नहीं मिल पाएगा। इस प्रकार यह जो सारी स्थिति हैं, इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार अपने लेवल पर इतना कुछ कर रही हैं, लेकिन आप भी जानते हैं कि राज्य सरकारों की एक सीमा होती हैं। इसलिए इस सारे एसेंसमेंट के आधार पर, अभी तक जो रिलीफ मिला हैं, हमारे अधिकार के पैसे में से 12 वें वित्त आयोग से एक मात्र किश्त मिली हैं। बाकी का कोई पैसा अभी तक नहीं मिल पाया हैं। यहां पर माननीय कृषि जी यहां पर बैठे हुए हैं, मेरा उनसे विनम्र अनुरोध हैं कि वे नेच्युरल कैलामिटीज को देखते दुए, अभी यहां पर वित्त मंत्री जी भी थे, यदि अधिक से अधिक मध्य प्रदेश को देंगे तो जो दस जिले प्रभावित हुए हैं, और इतने लाख जनसंख्या जो मैने बताई हैं, उसके लिए यह सब हो पाएगा। आने वाली रबी की फसल के बारे में हमें चिंता करनी पड़ेगी, अन्यथा यह पूरा साल उसके बिना हो जाएगा। इसलिए इन सबके साथ मेरा निवेदन हैं कि मध्य प्रदेश के लिए विशेष पैकेज देते हुए, विशेष राहत, जो 245 करोड़ बनती हैं, केवल उससे काम नहीं चलेगा, इसके अतिरिक्त भी धनराशि देने का कष्ट करेंगे तो निश्चित रुप से हम ऐसे कष्ट के समय में जनता के साथ खड़े होकर उनके दुख को बांटने में समर्थ हो सकेंगे। इन्ही शब्दों के साथ आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री विद्या सागर निषाद (बिहार): उपसभाध्यक्ष जी, आज सुखाड़ और बाढ़ पर हम चर्चा कर रहे हैं। यह पंरपरा से होते हुए आया हैं कि जब सुखाड़ का टाइम आया , जब बाढ़ का टाइम आया तो हम लोग उस ओर मुखातिब होते हैं, लेकिन मैं उस ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि बिहार में जो बाढ़ का तूफान आता हैं, वह बिहार का पानी नहीं होता, बिहार की वर्षा का पानी नहीं होता और न ही पहाड़ का पानी होता हैं। अगर किसी राज्य में विदेशियों का हमला होता हैं तो उसका मुकाबला करने के लिए केन्द को ही मुखातिब होना पड़ता हैं । हमारे बिहार के अंदर विदेशी हमला होता हैं। नेपाल से पानी आने की वजह से आज हम काफी बर्बाद हैं। अगर वहां पर हमारे साथ सौतेलेपन का व्यवहार नहीं होता, आज से नहीं, बल्कि पंरपरा से ऐसा देखा गया हैं कि नेपाल का पानी आते हुए भी, आज तक उस ओर बिहार की ओर मुखातिब नहीं होने की वजह से बिहार से बहुत गरीबी हैं। अभी-अभी चर्चाएं हुई कि मजदूर कहां का मारा गया। बिहार का, कारखाने में काम करने वाला मजदूर मारा गया। क्या कारण हैं? एक ही कारण हैं। हमारे सामने गरीबी हैं। हमारे पास ऐसी जमीन हैं, जिस जमीन के माध्यम से हम काफी पैदावार कर सकते हैं। हमारे पास ऐसी जमीन हैं, जिस जमीन के माध्यम से हम काफी पैदावार कर सकते हैं। हमारे यहां एक हेक्टेयर जमीन पर, एक बीघे जमीन में मिनिमम चालीस क्विंटल मकई पैदा करते हैं। लहलहाता हुआ पौधा होता हैं, लेकिन नेपाल का पानी, बाढ़ का पानी आया और सारी फसल नष्ट हो जाती हैं। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान उस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि गत वर्ष भी हाउस में जब चर्चाएं हुई थी, तब उस समय भी इस बात की चर्चा आई थी कि नेपाल के साथ हम बात कर रहे हैं। अगर नेपाल के साथ बात करने के बाद वहां पानी का टैंक बनाया जाए, वह पानी के टैंक के रुप में बन जाता हैं तो इससे एक फायदा नहीं, बल्कि अनेकों फायदे, बिहारवासियों को ही नहीं , बल्कि अनेकों राज्यों को होंगे। हम इससे

बिजली पैदा कर सकते हैं, हम फिशरीज, मछली का उत्पादन कर सकते हैं, इरीगेशन, खेती सिंचाई की व्यवस्था कर सकते हैं। लेकिन हम उस ओर मुखातिब नही होते। बाढ़ आती हैं तो रिलीफ दिया जाता हैं। रिलीफ कौन खाते हैं? जो निहायत गरीब, जिसके पास कुछ शाक्ति नहीं हैं, उसे भिखमंगा बनाकर रिलीफ के रूप में दिया जाता हैं। जितने पैसें हमें दिए गए हैं, जब भी दिए गए हैं, उसकी जगह अगर सिर्फ एक ओर मुखातिब होते कि हम उस बाढ़ के पानी को कैसे रोकें तो अच्छा होता, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए हैं। उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके द्वारा भारत सरकार से आग्रह और निवेदन करना चाहता हूं कि जल्द से जल्द इसका कोई उपाय हो। बिहार में आज से नहीं, बल्कि बहुत दिनों से बहुत से तटबंध हैं। तो तटबंध बांधे गए थे, हमारे राज्य के अंदर जितनी नदियां हैं, गंगा, कोसी, बागमती, कमला, काली कोसी, बालन आदि, ये सारी नादियां बिहार के अंदर खगडिया जिले में जाकर विलीन हो जाती हैं। परिणाम होता हैं काफी बाढ़ होने की वजह से तबाही । माननीय प्रधान मंत्री जी हाउस में थे, मैंने उस समय भी उन्हें इस ओर मुखातिब किया था। माननीय प्रधानमंत्री ने वहां हवाई जहाज के द्वारा सर्वेक्षण किया था, उन्होंने सारा दृश्य देखा था। बाढ़ आने के बाद जो फूस का मकान बना रहता हैं, उस पर मनुष्य बैठ जाते हैं। उस पर सिर्फ इंसान ही नहीं, बल्कि सांप, बिच्छू सभी विराजमान रहते हैं। अब सोचा जा सकता हैं कि बिहार के साथ क्या जुल्म होता हैं? मैं चाहता हूँ कि कुछ ऐसे तटबंध हैं, जिसकी चर्चा मैं पहले भी कर चुका हूँ, जैसे गोगरी से नारायणपुर, नारायणपुर से बदला, बदला से समस्तीपुर । ऐसे करीब दस –ग्यारह जिले हैं, जहां 1952-53 में तटबंध बने हैं और उसके बाद आज तक उसकी मरम्मत का काम ही नहीं हुआ हैं। मैं आग्रह और निवेदन करना चाहता हूँ कि यह राज्य सरकार की क्षमता के बाहर की बात हैं और जब तक केन्द्र सरकार उस ओर मुखातिब नहीं होगी, केन्द्र सरकार उस ओर देखने का काम नहीं करेगी, यह काम नहीं हो सकता ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो बिहार राज्य को खंडित किया गया, उसका एक ही करण था कि वहां की सरकार को गिराने के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा एक साजिश रची गई थी। बिहार को दो टुकड़ो में बांट दिया गया , एक तो झारखंड बन गया और दूसरा बिहार हुआ। हमारी जो सोर्स आफ इंकम थीं, जो हमारी आमदनी के स्त्रोत थे, वे सारे के सारे झारखंड में चले गए और बिहार के पास क्या बचा? बिहार के पास 33 फीसदी , यानी 100 रुपए में 33 रुपए रह गए, जहां की आबादी 8 करोड़ की हैं और बाकी की आमदनी 2 करोड़ की आबादी के लिए चली गई । इस तरह सारे पैसे के स्त्रोत उधर चले गए। उस समय कहा गया था कि बिहार के साथ बहुत सी मुसीबतें हैं, उसके लिए हम विशेष पैकेज देंगे, भारत सरकार के जो पूर्व प्रधान मंत्री थे, उन्होंने यह पैकेज की बात की थी और उससे मुझे आशा लगी थी कि अब बिहारियों को कुछ राहत मिलेगी, लेकिन कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क हुआ। एक भी पैसे का पैकेज मुझे नहीं दिया गया, जिससे हमारी बर्बादी हैं। इसलिए मैं अपनी भारत सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जो पैकेज देने की बात पहली सरकार ने की थी, आप उस ओर मुखातिब होकर जो हमारी बर्बादी हैं, उसे बचाने का काम करें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां दूध का उत्पादन होता हैं, हमारे यहां मछली का उत्पादन होता हैं, हमारे यहां कृषि का उत्पादन होता हैं, हमारे यहां इन सारी चीजों का उत्पादन होता हैं, लेकिन हम उस ओर मुखातिब नहीं हो पा रहे हैं, इसलिए मैं यह निवेदन कर रहा हूँ कि जल्द से जल्द इस ओर भारत सरकार की ओर से उपाय किए जाने चाहिए। वहाँ बाढ़ फिर से आ रही हैं, बल्कि बाढ़ आ गई हैं और बाढ आने के बाद क्या स्थिति होगी, यह कहना

मुश्किल हैं। इसलिए मैं चाहता हूँ कि इन सारी चीजों को देखते हुए भारत सरकार बिहार की ओर मुखातिब हो । अगर बिहार में इंसान हैं, तो इंसानियत की हैंसियत से हम लोगों को कुछ राहत देने का काम आप करें, जिससे हम लोग आगे बढ़ सकें। हमारे जितने भी कल- कारखाने थे, जितनी भी हमारी मजदूरी की स्कीमें थी, वे सारी की सारी झारखंड में चली गई । आप देखिए, आज बिहार का मजदूर कहां जाता हैं? सारे देश के पैमाने पर रिक्शा चलाने वाला कहां का हैं? वह बिहार का हैं, बिहारी हैं। मजदूरी करने वाला कहां का हैं? बिहारी हैं। चाहे मुम्बई में हो , कलकत्ता में हो, असम में हो, हरियाणा में हो, पंजाब में हो, या एशिया के अन्य देशों के अगल-बगल के राज्यों में मजदूरी करने वाला बिहारी होता हैं। इसका कारण एक ही हैं और वह हैं नेपाली हमले की वजह । अगर बिहार में बाढ़ को रोका जाए, पानी का वहां स्त्रोत बना दिया जाए, तो बिहार के पास इतनी क्षमता होगी कि हम आगे से आगे बढ़ सकते हैं। यह जानबूझ कर हम लोगों के साथ सौतेलेपन का व्यवहार किया गया और इसी का परिणाम हैं कि आज बिहार गरीबी से बहुत नीचे हैं। मैं आग्रह और निवेदन के साथ यह चाहता हूँ कि जिस बिन्दु पर मैंने अपनी बात रखी हैं, माननीय सरकार उस ओर मुखातिब हो। इतना कहकर आपने जो मुझे मौका दिया हैं, इसके लिए धन्यवाद । नमस्कार।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Shri Pyarimohan Mohapatra. He is not here. Shri R. Shunmugasundaram, you have five minutes.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Mr. Vice-Chairman, Sir, we have been experiencing floods on the one side and drought on the other side, in our country. We have been discussing about this problem for a very long time. Fifty-five years after Independence, these two situations are being discussed. There is a lot of planning that has undergone to remedy the situation. Sir, when the UPA Government was formed, it assured various things in this regard through the Common Minimum Programme. Regarding Agriculture, it said, "The UPA Government will introduce a special programme for dryland farming in the arid and semi-arid regions of the country. Watershed and wasteland development programmes will be taken up on a massive scale. Water management in all its aspects, both for irrigation and drinking purposes, will receive urgent attention." Likewise, while dealing with water resources, the UPA Government in its Common Minimum Programme has said, "The UPA Government will make a comprehensive assessment of the feasibility of linking the rivers of the country starting with the southbound rivers. This assessment will be done in a fully consultative manner. It will also explore the feasibility of linking sub-basins of rivers in States like Bihar. The UPA will take all steps to ensure that long-pending inter-State disputes on rivers and water-sharing like the Cauvery Waters dispute are settled amicably at the earliest keeping in mind the interests of all parties to the dispute." It further said, "To put an

end to the acute drinking water Shortage in cities, especially, in Southern States, desalination plants will be installed all along the Coromandel Coast starting with Chennai. Special problems of habitations in hilly terrains will be addressed immediately."

Sir, these were the promises which were made by the UPA Government. But, what is the present situation in Tamil Nadu? I have to highlight what is happening presently in Tamil Nadu. What is happening is that the six delta districts in Tamil Nadu, which are called the rice bowls of the country, which are producing rice not only for the whole of Tamil Nadu but for some portions of Kerala also are suffering without water. This is a crucial time. The *kharif* crop has to be cultivated at this moment. The interim award which has been given by the Tribunal for this season, especially, for June, July and August is 107 TMC, but what is flowing from Cauvery, at present, is only 0.6 TMC of water. That is also not the water that is being released by any Government, but that is the water which is over-flowing in the Kabini and other rivers because of the rains in the catchment area. Therefore,, Sir, there was a representation of the UPA constituents of Tamil Nadu led* by the former Minister of Tamil Nadu and the present Leader of the Opposition, Prof. K. Anbazhagan. All the Members of Parliament of the UPA from Tamil Nadu met the hon. Prime Minister and demanded the release of water at this crucial juncture, otherwise, the crops will fail and there won't be any purpose of making water available at a later stage. This is the situation. If water is not released from the Cauvery and no water is allowed for the *kharif* crop at the moment, the youths of Tanjore and other delta areas would migrate to other districts or even to other States for seeking jobs as agricultural labourers or they would go abroad to places like Malaysia and Singapore to undertake hard labour. Sir, this is the situation and it should be immediately prevented. In the last Budget, the hon. Finance Minister has made an assurance for providing funds for deepening, desilting, and preserving the water bodies. I do not know what is being done in this regard. ! request that the Government should come forward and inform this House as to what is happening on that particular front. Likewise, I read about the desaiination plant also. The hon. Finance Minister, in. the last Budget, had announced that Rs. 1000 crore would be set aside for the desalination plant that would come up on the Coromandel Coast and that the first plant would be established at Chennai. Nothing is being done till today.

4.00 P.M.

Sir, drought is man-made, because the level of ground water is depleting... (*Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: Is the State Government cooperating or not?

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: The Finance Minister has gone
on record saying that the State Government is not cooperating, but that is not an issue now...*(Interruptions)* .... That is not an issue now.

SHRI P.G. NARAYANAN: Simply announcing the plant is not enough. You need to release the money as well....*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Please, let us not have this crossfire. Please, continue.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, the groundwater is depleting because there is no proper rainwater conservation project. That is the situation that we are facing. At this juncture, I thank the hon. Member, Shri Narayanasamy. Though he is from Pondicherry, his State would also be benefited because Pondicherry is also situated on the Coromandel Coast. At least, the first plant at Chennai should come up.

Sir, we have been receiving average monsoon during the last five years. But still, there is no proper storage; that is the situation. Therefore, Sir, through you, I urge upon the Government to tell this hon. House as to what has happened to the projects, the assurances they have given, and the subsequent announcements made in the Budget, the budgetary allocations, and what is happening in regard to the plants they have announced so far.

With these words, I thank you, Sir.

प्रो0 अलका क्षत्रिय (गुजरात): धन्यवाद महोदय, आज देश में बडी गंभीर समस्या हैं। देश के कुछ राज्यों में सूखा पड़ा हैं तो कुछ राज्यों में बाढ आई हैं। इतना ही नहीं देश के कुछ राज्य ऐसे हैं जहां पर उसी राज्य के कुछ भागों में सूखा पड़ा हैं और कुछ भागों में बाढ़ आई हैं। सरकार को इन स्थितियों से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे । कुछ राज्यों में तो हर साल बाढ़ आती हैं या हर साल सूखा पड़ता हैं। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि प्लानिंग कमिशन को इस बात को ध्यान में रख कर एन्यूअल एलोकेशन ऑफ फंड देना चाहिए, पापुलेशन के साथ –साथ ये बाते भी ध्यान में रखनी चाहिए।

महोदय, अब मैं अपने प्रान्त गुजरात के बारे में बात करूंगी। पिछले कुछ सालों से गुजरात में प्लेग, साइक्लोन, गोधरा कांड व उसके बाद हुए दंगे, सूखा व बाढ़ जैसी कुदरती एवं मानव सृजित आपदाओं के कारण बहुत भारी नुकसान हुआ हैं। काफी लोगों ने तो अपनी जानें तक गंवाई हैं। इस साल मानसून के फर्स्ट राउंड में जून –जुलाई महीने में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ के कारण गुजरात में काफी नुकसान हुआ हैं। राज्य के कुल 25 में से 14 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उनमें से भी बडोदरा, आंणद एवं खेड़ा जिले बुरी तरह से असर ग्रस्त हुए हैं। बाढ़ प्रभावित ज़िलों में केवल एक हफ्ते में सीज़न की करीब 84% बारिश हुई थी। पिछले करीब सौ सालों में इतने कम समय में इतनी भारी बारिश कभी नहीं हुई हैं। बाढ़ की वजह से 80 ब्लॉकों के कारीब 10,000 गांवों में नुकसान हुआ हैं। राज्य का 65% भौगोलिक विस्तार प्रभावित हुआ हैं। राज्य की कई नदियों में बाढ़ आई हैं। विश्वमित्री वात्रक, सेढी जैसी नदियों में थोड़े से समय में पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा था। बाढ़ की वजह से 213 लोगों की मौत हुई हैं, 3 लाख से ज्यादा प्रभावित लोगों को वडोदरा, भरूच, खेड़ा, आंणद, सूरत और नवसारी जिलों में सुरक्षित स्थानों पर स्थानान्तरित करना पड़ा था। अकेले वडोदरा जिले में ही एक लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। करीब सात हजार से ज्यादा पशुओं की मौत हुई हैं ।

भारी बारिश और बाढ़ की वजह से कुल 6,719 गांवो में बिजली की आपूर्ति व्यवस्था पर असर पड़ा हैं। 5,752 गांव में पीने के पानी की योजनाओं पर बाढ़ का असर पड़ा हैं। अहमादाबाद –बडोदरा एक्सप्रेस हाइवे, नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे और 1561 पंचायतों की करीब 20,000 किलो मीटर रोड और 6000 क्रास ड्रेनेज वर्क्स असरग्रस्त हुए हैं। रेलवे ट्रेक पर पानी आ जाने से काफी ट्रेन सेवाएं रद्द करनी पडी थीं, जिससे हजारों यात्रियों को रेलवे प्लेट फार्म पर आसरा लेना पड़ा था। भारी बारिश की वजह से काफी गांव, देश और दुनिया से अलग थलग पड़ गए थे। लैंड लाइन फोन, सेल फोन या रोड , ट्रेन , मीडिया , टेलीविजन, रेडियों, न्यूजपेपर से वहां का कोई सम्पर्क नहीं हो रहा था। लोगों को बचाने के लिए आर्मी और पैरा मिलट्री फोर्स की मदद लेनी पडी थी। बाढ की गंभीर स्थिति को देखते हुए माननीय प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह जी ने 500 करोड़ रुपए का रिलीफ पैकेज घोषित किया हैं। इतना ही नहीं 4 जुलाई को 92.25 करोड़ रुपए का कैलेमिटी रिलीफ फंड राज्य सरकार को दिया हैं। बाढ की आपत्ति आने के बाद गुजरात के प्रभावित क्षेत्रों में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से अनेक प्रयास किए गए हैं, पर मुश्किलें समाप्त नहीं हुई हैं। इसके लिए लघुकालीन और दीर्घकालीन योजना और उसके कार्यान्वयन को प्राथमिकता देनी होगी। सबसे मुख्य समस्या आवास की हैं। काफी लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। केन्द्र सरकार ने गुजरात को जो धन उपलब्ध कराया हैं उसमें से युद्ध स्तर पर मकान निर्माण का कार्य शुरु करना होगा, जिससे विस्थापित लोग वापस अपने घरों में जा सकें । बाढ़ के कारण खाद्य आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रभावित लोगों को एक सुदृढ़ वितरण व्यवस्था के माध्यम से जीवनोपयोगी चीजें पहुंचानी होंगी। बाढ़ के बाद महामारी फैलने की संभावना हैं। मुझे पूरी उम्मीद हैं कि राज्य सरकार की तरफ से समुचित कार्रवाई की जा रही हैं, स्वयंसेवी संस्थाएं और गुजरात की जनसेवा की भावना रखने वाली प्रजा ने इस विपदा का हिम्मत से सामना किया हैं। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देती हूं। विपत्ति के समय में माननीय रक्षा मंत्री जी और गृह मंत्री जी ने भी गुजरात का दौरा किया था।

मध्य और दक्षिण गुजरात में बाढ़ की वजह से फसल को भारी नुकसान हुआ हैं। मेरा केन्द्र और राज्य सरकार से निवेदन हैं कि किसानों को सरल कृषि ऋण देने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। कृषि बीमा के अन्तर्गत जो मदद दी जा सकती हैं, उसे भी दिया जाए। वर्तमान में नुकसान हुई फसल के लिए जो ऋण किसानों ने लिया था उसे माफ करने पर विचार किया जाए। और जल्द से जल्द किसानों को बुवाई के लिए मुफ्त बीज उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इंडस्ट्रीज सैक्टर में केपिटल लॉस और प्रोडक्शन लॉस हुआ हैं. भारी बारिश और रॉ मेटीरियल नहीं पहुंच पाने की वजह से काफी इंडस्ट्रीज यूनिट बन्द करने पड़े थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रमुख और यू0पी0ए0 की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी ने भी बाढ़ से प्रभावित वडोदरा शहर का दौरा किया और राज्य सरकार से बाढ़ से प्रभावित लोगों को ज्यादा आर्थिक मदद देने की अपील की हैं।

राज्य में हुई भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का अंदाजा लगाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के वरिष्ठ आई0ए0एस0 अधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग मंत्रालयों के 13 प्रतिनिधियों की एक केन्द्रीय टीम ने गुजरात के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके क्षति का मूल्यांक्न किया हैं। गुजरात सरकार ने अपने प्रस्ताव में इमरजेंसी रिलीफ, आवास, आरोग्य, खाद्य आपूर्ति, जल आपूर्ति, कृषि और शहरी विकास इत्यादि के लिए 8110 करोड़ रुपयों की मांग की हैं। बाढ़ के साथ-साथ गुजरात के कुछ जिले सूखाग्रस्त हैं, यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके अधिक से अधिक धन राज्य सरकार को उपलब्ध कराए जिससे बाढ़ से उत्पन्न परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना कर सकें और जनजीवन जल्द से जल्द सामान्य हो सकें।

डा0 नारायण सिंह मानकलाव (नाम –निर्देशित): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, काफी देर से सूखा और बाढ़ पर माननीय सदस्यगण चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं। यह एक ऐसी परम्परा सी बन गई हैं कि हर साल बाढ़ आती हैं, हर साल सूखा पड़ता हैं और हर साल हम यहां पर चर्चाएं करते हैं।। आजादी से पुर्व भारत कई रियासतों में विभक्त था और उसके चलते कोई सार्वभौमिक परियोजना बना करके इन समस्याओं का समाधान सभ्भव नहीं था। परन्तु आजादी के बाद सम्पूर्ण भारत एक सार्वभौतिक राष्ट्र हैं और उसके लिए इस प्रकार की सारी समस्यों के समाधान हेतु कोई दीर्घकालीन योजना बनाकर उसका समाधान ढूंढने की बात होनी चाहिए जो अब तक नहीं हो पाई हैं। और हम हर साल एक औपचारिकता के रुप में कार्यवाही का संचालने करते हैं और इस प्रकार की चिंता जाहिर करते हैं। समाधान के लिए विचार करते हैं, हम अपनी मांगे रखते हैं और चर्चाएं करते हैं और नतीजा फिर अगले साल वही कहर हम पर पड़ता हैं। इसके चलते संसद और सरकार की कार्यवाही और उनकी जो उपयोगिता हैं, वह प्रश्नवाचक घेरे में आ जाती हैं। इसलिए मेरा सुझाव हैं कि केन्द्र सरकार को राज्य सरकारों के साथ मिलकर कोई ऐसी दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए जिससे इस प्रकार की घटनाओं का, इस प्रकार की आपदाओं का सामना करने के लिए हम कोई स्थाई हल निकाल सकें । बाढ़ की बात बहुत हुई हैं, सूखे की बात बहुत हुई हैं, मैं उस क्षेत्र से आता हूं जहां सूखा स्थाई रुप से निवास करता हैं। राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान के "थार" का जो भू-भाग हैं, वह राजस्थान का 60 परसेंट क्षेत्रफल हैं और उसके अंदर हर वक्त, हर साल और इस साल भी जबकि इतनी अतिवृष्टि हुई हैं, वहां अनावृष्टि का प्रकोप हैं और उसके चलते सूखे का बहुत कुप्रभाव वहां की परिस्थितियों

पर- पड़ रहा हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अनावृष्टि यहां की नीति बन गई हैं और उसके चलते किसी कवि ने राजस्थानी में लिखा हैं,

"पग पूंगल, धड़ कोटडे, बाहू बाड़मेर।
डिगतो ठिगतों बीकपुर, ठावों जैसलमेर ।।"

कहने का अर्थ यह हैं कि इस पश्चिमी भू-भाग में निश्चि तौर से निंरतर रूप में निवास करने वाला अकाल और कहीं जाता ही नहीं हैं, घूम फिर के वापिस इसी "थार" के रेगिस्तान में आता हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, राजस्थान में 1992 से 2004 तक केवल इन 11 वर्षो में ही अच्छी वर्षा हुई हैं, बाकी सारे वर्ष अकाल की चपेट में रहे हैं और उसके चलते राजस्थान का विकास पूर्णरूप से बाधित रहा हैं। आज भी 17 जिले अनावृष्टि के शिकार हैं और इसके कारण जो सरकार हमैं फेलनी पड़ती है उनका आंकलन करने के लिए मैं आपको निवेदन करना चाहता हूं । अकाल में तीन तरह के संकट होते हैं- अन्न काल होता हैं, जल काल होता हैं और तृण काल होता हैं, ये तीन काल मिलकर के त्रिकाल बनता हैं और यह त्रिकाल राजस्थान में हर साल बनता हैं, दूसरी जगह कभी-कभी बनता हैं। अकाल में सूखा प्रबंधन के लिए हम काफी खर्चा करते आ रहे हैं।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, बाढ़ और अकाल के प्रबंधन के लिए जितना खर्चा हमने पिछले 55 सालों में किया हैं, अगर उस सारे को मिलाया जाए, तो एक अलग भारत बन सकता हैं। इतना खर्चा हमने इस पर किया हैं। फिर भी, यह समस्या हमारे सामने मुंह बाएं ज्यों की त्यों खडी हैं। अकाल के प्रबधंन में कुछ त्रुटियां रहती हैं, उसमें रोजगार की जरूरत रहती हैं, पशुओं के लिए चारे की जरूरत रहती हैं। पीने के पानी की जरुरत रहती हैं और इन तीनों से मिलकर त्रिकाल बनता हैं। अन्न काल, जल, काल और तृण काल, इन तीनों की पूर्ति के लिए उसको काम में लेना पड़ता हैं। राहत कार्य अस्थाई होते हैं जिससे उत्पादकता का कोई प्रश्न नहीं उठता और नीचे से लेकर ऊपर तक जो भ्रष्टाचार इसमें लिप्त हैं, उसके कारण गरीब और जरुरतमंद लोगों को रोजगार मुहैंया नहीं होता हैं और सक्षम लोग इसका लाभ उठा लेते हैं। ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल इसका एक समाधान हो सकता हैं, अगर सही अर्थों में इसका उपयोग किया जाये, प्रयोग किया जाये, क्रियान्वयन किया जाये। सूखे के कारण विभिन्न प्रदेशों में मौतें होती हैं, किसानों द्वारा आत्महत्याएं होती हैं और कुछ लोगो इसको राजनीति की भट्टियों पर रोटियों की तरह सेंक करके अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। दूसरा पहलू पीने के पानी का है। आज राजस्थान में जिन जिलों में अनावृष्टि का प्रकोप है, वहां पीने के पानी के लिए लोगों को कई –कई किलोमीटर तक जाना पड़ता हैं। मनुष्य के लिए पानी लाना संभव हैं, परन्तु पशु-धन के लिए इतनी दूरी से पानी लाना बड़ा ही मुश्किल हैं। हमें गांव में बरसात के पानी को रोकने के लिए व्यवस्था करनी चाहिए और इसके लिए एक दीर्घकालीन योजना बनायी जानी चाहिए। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि राजस्थान में कई गांवों में टेंकरों से और कई शहरों में रेलों से पानी पहुंचाया जाता हैं। पाली जैसा शहर, जिसमें पांच से दस लाख की जनंसख्या हैं, उसको पूरे 6 महीने तक रेल के माध्यम से पानी की पूर्ति की गयी। आप कल्पना कीजिए कि एक रेल में कितना पानी जाता होगा और किस प्रकार से वहां की आबादी उसक उपयोग करती होगी। जल संरक्षण के कार्य को भी, परम्परागत स्त्रोतों को सुधार कर उसमें उपयोग किया जा सकता हैं और

उसमें वाटर शैड प्रोग्राम प्रभावी रुप ले सकता हैं जिसे भ्रष्टाचार से मुक्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। भूमि जल का स्तर भी लगातार नीचे होता जा रहा हैं और उसके कारण एक बहुत ही बड़ा संकट पानी का खड़ा होने वाला हैं, ड्रॉट का खड़ा होने वाला हैं

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Will you be able to finish it in a couple of minutes?

डा. नारायण सिंह मानकलावः तीसरा तृणकाल हैं। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जो हैं, वह हैं हमारा पशुधन। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान का 11 परसेंट पशुधन राजस्थान में हैं और राजस्थान के आर्थिक ताने-बाने का 19 प्रतिशत जो हिस्सा हैं, अर्थव्यवस्था का, वह पशुधन पर आधारित हैं और वह पशुधन , जब तृण नहीं होता हैं तो बडी दूभर स्थिति में पहुंच जाता हैं। महोदय, अकाल में एक परिवार को चलाने के लिए 30,40 या 50 किलो गेंहू बहुत होता हैं लेकिन एक जानवर को पालने के लिए, जो चार रुपए या पांच रुपए किलो मिलता हैं। उसमें एक जानवर को पालना परिवार को पालने से भी ज्यादा मुश्किल हो जाता हैं। इसलिए इसके लिए भारत सरकार को फास्टर लैड डेवलपमेंट का कार्यक्रम शुरु करना चाहिए और चारे की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे पशुधन बच सकें। अंत में मैं इसकी दीर्घकालीन योजना के तहत पुरजोर शब्दों में यह मांग करूंगा कि राजस्थान जैसे प्रदेश को सूखे से बचाने के लिए रिवर लिंकिंग की जो योजना हैं, जिसके बारें में हमारे कई माननीय सदस्यों ने भी कहा हैं, मैं फिर एक बार इसकी ओर आपके माध्यम से सदन का और सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि रिवर लिंकिंग प्रोग्राम जब तक नहीं बनेगा, राजस्थान में ग्राउंड वाटर नीचे जा रहा हैं, वर्षा हो नहीं रही हैं और बिना वर्षा के, बिना पानी के कैसे जी पाएंगे? पैसे से नहीं जीवित रहा जा सकता, चाहे आप कितना ही पैसा दे दें, पैसा जीने का आधार नहीं हैं। जीने का आधार पानी हैं और इसके लिए यह जरुरी हैं कि आप रिवर लिंकिंग स्टार्ट करें और जो भी स्थायी हल हो सकते हैं, अपने प्लानिंग कमीशन के माध्यम से , अपने सोर्सिज़ के माध्यम से, उन उन पर विचार करके ऐसी व्यवस्था करें कि इसका दीर्घकालिक हल निकाला जा सके। धन्यवाद।

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. Let me begin with congratulating the Government for acting in the manner it did when the Tsunami disaster had hit the nation. Thereafter, with all the seriousness, the Government had taken up the issue and formed the Disaster Management Authority. That shows how serious was the Government to tackle this kind of calamities. Having said this, let me come to my State of Kerala, about which I will raise only two-three issues and draw the attention of the Minister. He also knows this very well. One of our major problems is the sea erosion, which is not considered to be **a** natural calamity. Sea erosion is taking away land every time. People and fishermen staying there are suffering. Their houses are washed away; everything is washed away. Unfortunately, Sir, Mr. Sharad Pawar, my friend, also repeated the same sentence as all the other Ministers, "Sorry, this is not a part of natural calamity". So, my first request is, review the whole thing and ensure that Kerala is protected from sea erosion, and also

see what assistance can be extended to the State of Kerala. Secondly, Sir, even yesterday, there was a big landslide in Kerala. Landslide is a big problem. In hilly areas, people are washed away. It affects cash crops and creates a lot of problems for the farmers. Fortunately, Sir, we are a land of cash crops. Paddy cultivation is very limited. There is no wheat cultivation. But, we have cash crops. These cash crops are, as the hon. Minister knows, one of the most important agricultural activities, or, I should say, the backbone of our economy. It is also suffering. We are not getting enough support from the Government. I am not blaming the Government. They always look at paddy, wheat and sugarcane. So far as sugarcane is concerned, it is understandable. ...*(Interruptions)*.... That we are importing. I don't mind that. We are importing more than 50 per cent. These are the major problems which we are facing. Under the present system, we give Plan money to every State. But this is a new system which we have introduced. When you review the whole thing, kindly consider the problem of sea erosion in Kerala which is a calamity for the State of Kerala. Thank you.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, today's debate, of course, is on flood and drought, but I wish to utilise this opportunity to raise an issue which I don't think has ever been discussed in this House and which is, more or less, exclusive to the State of West Bengal, unless it is there to a certain extent in Bihar and perhaps in Assam and, that is, the problem of river erosion. In north Bengal and parts of South Bengal, the Ganga, the Padda, *i.e.* the Padma, as we call it, which goes into Bangladesh and Farakka onwards, is on a rampage. This morning, we were discussing the incident occurred at Gurgaon about which the visual media was repeatedly showing us scenes after scenes of Gurgaon. Well, if you are in Kolkata, and if you are listening to the vernacular visual media, similarly you can see scenes of devastation of erosion particularly in the districts of Malda and Murshidabad over a stretch of about 150 kilometres. Vast chunks of lands are disappearing into the river and the irony of the whole thing is, whereas the Padda, the Ganga, the Mahananda are eating into India, along the West Bengal stretch, it is coming up on the Bangladesh side. The river is changing course. We are losing land and Bangladesh is getting land. The border is changing. Also, due to the erosion of the river at the confluence of the Mahananda, the Ganga, the Bhagirathi, a stage is soon coming when the Farakka Barrage will become immaterial, if erosion continues at this rate. Also the sole land link between most of India, particularly southern India, south Bengal, north

Bengal and Assam, which is the Farakka Barrage, will be cut, It is going to be a catastrophe of major proportions. But unfortunately, because it is a peculiar problem of a particular State in a little distant part of the country, I have never heard or discussed it or raised it in this House. The Government of West Bengal has been representing to the Central Government time and again for three things. The first demand is to declare erosion of the Ganga, the Padma as a national problem because it is a national problem. It may not have that impact in Delhi as you have events in this part of the country, but it is a national problem; it is an urgent problem and it is getting worse day by day. The second demand of the West Bengal Government is to create adequate mechanism for dealing with this erosion. The third demand of the West Bengal Government has been to allocate adequate resources to stop the erosion of this river; erosion of Indian territory and, more or less, donating the Indian territory to Bangladesh.

' Now, way back in 1996, the Planning Commission set up an expert committee under Mr. J.R. Keshkar, and the Planning Commission, at that time, in 1996, had allotted a sum of Rs.927 Crores. Given the normal inflation between 1996 and now, I would imagine, as a very amateur kind of a guess, a very rough guess, it will now be Rs.1200-1500 Crores. Unfortunately, in spite of repeated representation by the West Bengal Government, the Centre has so far released very, very minimal amount of money to deal with this problem, and these have been released to deal with this major problem on the issue of short-term measures only like putting some earth, putting some sand, putting some other temporary measures, which sooner they are put in they are washed away. And, every year, at least right from 1990 onwards, the Central Government has been saying, "It cannot be done in the monsoon time. So we will deal with it in the next monsoon". But by the time the next monsoon comes, there is no work done. It is happening again this year. So, I don't think the short-term » patchwork measures will have any effect. I think what is required is a complete system of river training works for this entire stretch for the Ganga and Padda rivers as also the Bhagirathi which is flowing Southwards. This, I think, cannot be done with this Rs.1200 or Rs.1,500 Crores; it will take much more. I think this catastrophe which is taking place in West Bengal is not being addressed by the Centre with due seriousness. I am aware that at this moment we have got the hon. Minister of Food and Agriculture present here. But this problem pertains to the Ministry of Water Resources. So, I would request him, through you, to convey our sentiments

from West Bengal to the Ministry of Water Resources whose Minister, incidentally, happens to come from the same part of the State. In addition, Ganga-Paddha is not the only problem...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Would you be finishing now?

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: Yes, Sir; just one minute more.

There is a complex of rivers in South Bengal. The rivers of Hooghly, Bhagirathi and Ichhamati have their own problems. The Bhagirathi is also eroding all the way down from Farakka almost to Kolkata where it becomes Hooghly. Strangely enough, the Bhagirathi, as it goes past Kolkata, becomes Hooghly, which is silting up. This is a major, major hydrological problem, and I don't think these piecemeal efforts which we are making to address this problem is going to have any effect. So, I would request, through you once again to the Centre, to kindly declare Ganga-Padda erosion as a national problem; kindly create an adequate authority and a mechanism to see that these plans are put into action, and kindly allot the resources required. Do not put off this threat because a day will come when you will have the two parts of the State totally cut off from each other, and that catastrophe must not be allowed to happen.

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, I want to take advantage of the presence of the Minister of Food and Agriculture and confine my remarks to four or five issues arising out of the performance of this year's monsoon because what we are discussing is the flood and drought which after all reflects the performance of the monsoon. So, I want to raise three or four issues which arise out of the performance so far. Many of these issues, of course, go beyond the purview of the Ministry of Food and Agriculture. They concern the Ministry of Science and Technology. But, through him, I want to make the Government aware of some of these questions that have arisen. Sir, first, when trying to make a sense of what the performance of the monsoon has been so far, in the public domain, the data is available only up to the 20th of July. Last night, after a considerable amount of effort, I was able to locate a map of India which shows cumulative performance of the monsoons this year from the first of June to the 20th of July. Sir, when you look at this map, as far as all-India is concerned - and, of course, Mr. Pawar may have this map as of

